भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2783**

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

**राज्य राजमार्ग-69 का राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में स्तरोन्नयन**

2783. श्री अभय कुमार सिन्हा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) किसी राज्य राजमार्ग (एसएच) के राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) में स्तरोन्नयन करने के मानदंड और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार का विचार राज्य राजमार्ग-69 को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में उन्नत करने का है और यदि हां, तो ऐसा कब तक किया जाएगा और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) राज्य राजमार्गों (एसएच) सहित राज्य के अन्य सड़कों को समय-समय पर अच्छी तरह से स्थापित सिद्धांतों के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) घोषित किया जाता है। राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा के लिए महत्वपूर्ण मानदंडों में निम्नलिखित शामिल हैं: -

- **i.** देश की एक छोर से होकर दूसरे छोर तक गुजरने वाली सड़कें।
- **ii.** निकटवर्ती देशों, राष्ट्रीय राजधानियों को राज्य की राजधानियों से जोड़ना/राज्य की राजधानियों, प्रमुख बंदरगाहों, गैर-प्रमुख बंदरगाहों, बड़े औद्योगिक केंद्रों या पर्यटन केंद्रों को परस्पर जोड़ने वाली सड़के।
- **iii.** पहाड़ी एवं अलग-थलग क्षेत्र में महत्वपूर्ण सामरिक महत्व वाली सड़कें।
- **iv.** मुख्य सड़कें जो यात्रा की दूरी को कम करने और पर्याप्त आर्थिक विकास हासिल करने में सक्षम बनाती हैं।
- **v.** सड़कें जो पिछड़े क्षेत्र और पहाड़ी क्षेत्र के बड़े भू-भाग से जुड़ने में मदद करती हैं।
- **vi.** 100 किमी की राष्ट्रीय राजमार्ग ग्रिड की उपलब्धि में योगदान देने वाली सड़कें।
- **vii.** पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के साथ अनुरूप सड़कें।

(ख) मंत्रालय को राज्य राजमार्गों (एसएच) सहित अन्य राज्य सड़कों को नए राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के रूप में घोषणा करने/उन्नयन के लिए बिहार राज्य सरकार सहित विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) से प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। मानदंडों की पूर्ति, संपर्कता की आवश्यकता, परस्पर प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं। वर्तमान में, बिहार राज्य में एसएच-69 को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने पर विचार नहीं किया जा रहा है।

वर्तमान में बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई लगभग 6,132 किलोमीटर है। अप्रैल, 2014 से बिहार राज्य में राज्य राजमार्गों सहित लगभग 1,579 किलोमीटर लंबाई की राज्य सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में अधिसूचित किया गया है।

*****